aglasem.com

FOR UP CLASS 11 PREPARATION

# UP Board Class 11 Syllabus 2027 Trade 27 Cooperative

| EXAM | YEAR | TYPE |
| --- | --- | --- |
| UP Class 11 | 2027 | Syllabus |

## शैक्षिक सत्र–2026–27
## (27) ट्रेड–सहकारिता
कक्षा–11

**पाठ्यक्रम की उपयोगितायें**

सहकारिता ग्रुप का अध्ययन करने के पश्चात् छात्रों को निम्न प्रकार के रोजगार प्राप्ति में सहायता मिल सकती है–

**(अ) वेतन रोजगार–**

(1) सहकारी समितियों, सहायक के विभिन्न स्तरों पर कार्य कर सकता है।
(2) प्राथमिक स्तर एवं केन्द्रीय स्तर के अधिकारी के रूप में कार्य कर सकता है।
(3) सहकारी अन्वेषक एवं अंकेक्षण के रूप में कार्य कर सकता है।

**(ब) स्वतः रोजगार–**

(1) स्वतः व्यवसाय–उत्पादन, वितरण, उपभोग एवं वित्त के क्षेत्र में सहकारी समिति के निर्माण द्वारा।
(2) अन्य सहकारी समितियों के विभिन्न पक्षों पर परामर्शदाता के रूप में।
(3) सहकारी समितियों के प्रवर्तक के रूप में।

**उद्देश्य–**

(1) सहकारिता क्षेत्र में कार्य करने हेतु सहकारिता सम्बन्धी सिद्धान्त, व्यवहार एवं कार्य विधि का ज्ञान एवं विकास करना।
(2) सहकारिता के क्षेत्र में वेतन एवं स्वतः रोजगारों के लिये पर्याप्त क्षमता एवं योग्यता का विकास करना।
(3) उपभोग एवं उत्पादन एवं वितरण के क्षेत्र में सहकारिता में संलग्न व्यक्तियों के ज्ञान एवं व्यक्तित्व का विकास करना।
(4) देश के आर्थिक व सामाजिक विकास में सहकारी आन्दोलन के महत्वपूर्ण योगदान से विद्यार्थियों को परिचित कराना।

**पाठ्यक्रम–**

इस ट्रेड में तीन–तीन घन्टे के तीन प्रश्न–पत्र और प्रयोगात्मक परीक्षा भी होगी। अंकों का विभाजन निम्नवत् रहेगा–

**(क) सैद्धान्तिक–**

| | पूर्णांक | | उत्तीर्णांक | |
|---|---|---|---|---|
| प्रथम प्रश्न–पत्र–बहीखाता तथा लेखाशास्त्र–I | 60 | 400 | 20 | 200 |
| द्वितीय प्रश्न–पत्र–बहीखाता तथा लेखाशास्त्र–II | 60 | | 20 | |
| तृतीय प्रश्न–पत्र–व्यावसायिक एवं कार्यालय संगठन | 60 | | 20 | |
| चतुर्थ प्रश्न–पत्र–सहकारिता | 60 | | 20 | |
| पंचम प्रश्न–पत्र–सहकारिता | 60 | | 20 | |
| **(ख) प्रयोगात्मक–** | 400 | | 200 | |

**टीप**–परीक्षार्थियों को प्रत्येक लिखित प्रश्न–पत्र में न्यूनतम उत्तीर्णांक 20 तथा योग में 33 प्रतिशत अंक एवं प्रयोगात्मक परीक्षा में 50 प्रतिशत उत्तीर्णांक पाना आवश्यक है।

## सैद्धान्तिक पाठ्यक्रम
### प्रथम प्रश्न–पत्र
### (बहीखाता तथा लेखाशास्त्र–I)

अधिकतम अंक–60
न्यूनतम अंक–20

1–लेखांकन सिद्धान्त प्रत्यय तथा अवधारणा, दोहरा लेखा प्रणाली का सिद्धान्त। 10
2–प्रारम्भिक लेखा की पुस्तकें तथा खाता बही, खाता बहियों में खतौनी की विधि–1, तलपट तैयार करना त्रुटि एवं उनका सुधार। 10
3–रोकड़ पुस्तक, चेक सम्बन्धी लेखे, बैंक समाधान विवरण। 10
4–विनियम विपत्र सम्बन्धी सैद्धान्तिक एवं व्यावहारिक ज्ञान तथा तत्सम्बन्धी लेखे। 10
5–अन्तिम खातों को तैयार करना–समायोजनाओं सहित व्यापार एवं लाभ–हानि खाता तथा आर्थिक चिट्ठा तैयार करना। 20

## द्वितीय प्रश्न–पत्र
## (बहीखाता तथा लेखाशास्त्र–II)

अधिकतम अंक–60
न्यूनतम अंक–20

1–गैर व्यापारिक संस्थाओं के खाते–प्राप्ति तथा भुगतान खाते, आय–व्यय खाते, अन्तिम खाते। 20

2–ह्रास परिभाषा–ह्रासित करने की विभिन्न पद्धतियां। 20

3–संचय (प्रावधान) और कोष। 10

4–पूंजीगत एवं आयगत मदें। 10

## तृतीय प्रश्न–पत्र
## (व्यावहारिक एवं कार्यालय संगठन)

अधिकतम अंक–60
न्यूनतम अंक–20

1–व्यावहारिक संगठन, अर्थ, उद्देश्य, महत्व। 10

2–व्यावसायिक संगठन के प्रारूप–एकल व्यवसाय, साझेदारी संगठन, संयुक्त स्कन्ध, कम्पनी एवं सह भण्डार, सार्वजनिक उपक्रम। 20

3–कार्यालय संगठन–अर्थ, महत्व एवं कार्य, एक अच्छे संगठन के महत्वपूर्ण तत्व, एक अच्छे कार्यालय स्थान के चुनाव के मुख्य तत्व, कार्यालय के विभाग। 10

4–कार्यालय कार्य–विधि, नस्तीकरण–लेटी एवं खड़ी फाइल, अनुक्रमणिका, विज्ञापन एवं बिक्रयकला कार्य से सम्बन्धित संक्षिप्त आख्या लेखन। 20

## चतुर्थ प्रश्न–पत्र
## (सहकारिता)

अधिकतम अंक–60
न्यूनतम अंक–20

1–सहकारिता–सहकारिता के प्रादुर्भाव, अर्थ, तत्व, सिद्धान्त, महत्व एवं सीमायें, सहकारिता बनाम पूंजीवाद, साम्यवाद तथा मिश्रित अर्थ व्यवस्था, समाजवादी व्यवस्था, संरचना में सहकारिता का स्थान। 20

2–निर्माण–सहकारी समितियों का निर्माण, विधि, भेद, अन्य व्यावसायिक संगठनों से तुलना, एकांकी व्यापार, साझेदारी संयुक्त स्कन्ध प्रमण्डल एवं लोक उपक्रम। 10

3–सहकारिता संगठन एवं प्रबन्ध–संगठन का अर्थ, सिद्धान्त, विधि, गुण–दोष, प्रबन्धकीय प्रकिया। 10

4–सहकारिता प्रशासन–विभिन्न स्तरों पर प्रशासन का वर्तमान स्वरूप प्राथमिक, केन्द्रीय एवं शीर्ष स्तर निबन्धक अधिकार, कार्य एवं नियुक्ति, जिला एवं ब्लाक स्तर पर सहकारी प्रशासन, सहायक निबन्धक, सहायक विकास अधिकारी (सहकारिता) एवं सचिव की समितियों के प्रशासन में भूमिका। 20

## पंचम प्रश्न–पत्र
## (सहकारिता)

अधिकतम अंक–60
न्यूनतम अंक–20

1–सहकारिता विकास एवं विधान–स्वतन्त्रता के पूर्व देश में सहकारी आन्दोलन, नियोजन काल में सहकारिता का विकास, राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय स्तर पर सहकारी समितियां, उत्तर प्रदेश सहकारी समिति, अधिनियम, 1965 निबन्धन सदस्यता, अधिकारी एवं दायित्व प्रबन्ध/सहकारी समितियों के विशेषाधिकारी, सम्पत्तियों, कोष, अंकेक्षण, जांच पर्यवेक्षण, विवादों का निपटारा, समितियों का समापन। 20

2–सहकारी साख– 20

[अ] सहकारी ऋण समितियां–कृषि एवं गैर कृषि कार्य महत्व एवं विकास, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां, केन्द्रीय सहकारी बैंक, राज्य सहकारी बैंक, प्राथमिक भूमि विकास बैंक, केन्द्रीय भूमि विकास बैंक।

[ब] नगरीय सहकारी ऋण समितियां।

[स] रिजर्व बैंक आफ इण्डिया व सहकारी साख, व्यापारिक बैंक एवं सहकारी समितियां, ग्रामीण बैंक एवं ग्रामीण साख समितियां।

3–सहकारिता विपणन–आवश्यकता, लाभ एवं सीमायें, प्राथमिक स्तर पर संगठन, संरचना, केन्द्रीय एवं शीर्ष स्तर पर संगठन, संरचना एवं कार्य सदस्यता, प्रबन्ध एवं वित्तीय प्रारूप–अंश पूंजी, ऋण पूंजी, विनियोग, ऋण एवं विपणन का अन्तर्सम्बन्ध, सहकारी विपणन की उपलब्धियां। 20

## प्रायोगिक पाठ्यक्रम

पूर्णांक–400
न्यूनतम अंक–200

**बड़े प्रयोग–**

1–दिये गये निर्देशों के अनुसार पत्र तैयार करना, पूंछ–ताछ के पत्र, निर्ख (कोटेशन), आदेश पत्र, सूचना पत्र, सन्दर्भ पत्र, आदेश पत्र, विक्रय पत्र, ग्राहकों को क्रय हेतु प्रेरित करने वाले पत्र, तकादे के पत्र, स्मृति–पत्र, शिकायती–पत्र, नश्ती पत्र, एजेन्सी सम्बन्धी–पत्र, बैंक व बीमा सम्बन्धी पत्र, परिचय.पत्र, सरकारी.पत्र, अर्द्ध सरकारी.पत्र, आवदेन–पत्र, साक्षात्कार पत्र, नियुक्ति–पत्र।

2–सहकारी समितियों के निर्माण सम्बन्धी प्रपत्रों को भरना, निबन्धन सम्बन्धी कार्यवाही एवं प्रपत्रों का ज्ञान, सहकारी समितियों के विभिन्न प्रपत्रों को भरना, अनुक्रमणिका एवं रजिस्टर तैयार करना, सदस्यों द्वारा ऋण लेने के सम्बन्ध में निर्धारित कार्यवाही का ज्ञान।

समितियों द्वारा वित्त प्राप्त करने एवं भुगतान सम्बन्धी प्रक्रिया का व्यावहारिक ज्ञान।

**छोटे प्रयोग–**

1–ऋण सम्बन्धी ज्ञान प्राप्त करना, विभिन्न प्रकार की प्रतिभूतियों का ज्ञान एवं मूल्यांकन की विधि का ज्ञान प्राप्त करना, ऋण अदायगी किस्तों का निर्धारण एवं भुगतान प्रक्रिया का ज्ञान करना, ऋण के आदेश या विलम्बित होने पर वैधानिक कार्यवाही का ज्ञान, भुगतान आदेश तैयार करना एवं उससे सम्बन्धित लेखे तैयार करना।

2–श्रम संचय यंत्रों का व्यावहारिक ज्ञान एवं रेडी रिकनर द्वारा गणना करना।

**(ग) प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु अंक विभाजन–**

(1)

(क) चार बड़े प्रयोग (20+20+20+20) बड़े प्रयोगों की सूची के प्रत्येक खण्ड से दो–दो।

(ख) चार छोटे प्रयोग (10+10+10+10) छोटे प्रयोगों की सूची के प्रत्येक से दो–दो।

(ग) मौखिकी (40 अंक) प्रयोगों की सूची के आधार पर।

(घ) प्रैक्टिकल नोट–बुक एवं विभिन्न प्रपत्रों का संकलन (40 अंक)।

(2)

(क) सत्रीय कार्य

सत्रीय कार्य का विभाजन — 100 अंक

| | |
|---|---|
| उपस्थिति एवं अनुशासन | 10 |
| लिखित कार्य | 20 |
| दो वर्षों में 5 टेस्ट के आधार पर | 50 |
| मौखिकी | 20 |
| योग .. | 100 अंक |

(ख) औद्योगिक प्रतिष्ठानों द्वारा प्रदत्त श्रेणी के आधार पर 100 अंक।

**टीप–**

1–प्रयोगात्मक परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिये 50 प्रतिशत अंक पाना आवश्यक है।

2–प्रत्येक धारा के लिये 4 या 5 कार्य–स्थल का चयन करना होगा और एक कार्य–स्थल पर 4 या 5 छात्र ही एक समय पर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

3–एक रोजगार (जॉब) से सम्बन्धित विभिन्न प्रकार के कार्यों का अवलोकन करके छात्रों से उन कार्यों को कराना है जिससे उनमें रोजगार से सम्बन्धित योग्यताओं एवं क्षमताओं का विकास तथा आदतों का निर्माण किया जा सके। इसका उद्देश्य छात्रों में अर्जित सैद्धान्तिक ज्ञान एवं प्रयोगात्मक कार्यों को कार्य के रूप में परिणित करना है।

4–कार्य का निरीक्षण अध्यापक तथा स्वामी (इम्प्लायर) द्वारा किया जायेगा। परीक्षण कार्य अध्यापक/स्वामी (इम्प्लायर) की अनुशंसा के आधार पर किया जायेगा। यह 400 अंक का होगा।

5–प्रत्येक छात्र प्रयोगात्मक कार्यों का पूर्ण लेखा रखेगा।

6–छात्र को छात्र–वृत्ति देने का प्रावधान होना चाहिये।

7–छात्र को कार्य स्थल पर पूर्ण समय तक रहना चाहिये। उन्हें प्रतिदिन विद्यालय आने या जाने की आवश्यकता नहीं है।

**संस्तुत पुस्तकें :–**

1–सहकारिता–प्रकाश–साहित्य भवन, आगरा, मूल्य 35.00 रु0।

**उपचारात्मक शिक्षण हेतु चार यूनिट टेस्ट निम्नलिखित है–**

| | | |
|---|---|---|
| (i) प्रथम यूनिट टेस्ट (MCQ आधारित) | जुलाई द्वितीय सप्ताह | 20 अंक |
| | (10 अंक ग्रीष्मावकाश गृहकार्य + 10 अंक यूनिट टेस्ट) | |
| (ii) द्वितीय यूनिट टेस्ट (वर्णनात्मक प्रश्न आधारित) | अगस्त अन्तिम सप्ताह | 20 अंक |
| (iii) तृतीय यूनिट टेस्ट ( MCQ आधारित) | नवम्बर अन्तिम सप्ताह | 20 अंक |
| (iv) चतुर्थ यूनिट टेस्ट (वर्णनात्मक प्रश्न आधारित) | दिसम्बर अन्तिम सप्ताह | 20 अंक |

**नोट– उपरोक्त यूनिट टेस्ट उपचारात्मक शिक्षण के अन्तर्गत विद्यालय स्तर पर लिये जायेंगे। इनके प्राप्तांक परीक्षफल में सम्मिलित नहीं किये जायेंगे।**